रोटरी क्लब ऑफ धार सेंट्रल का

गवर्नर ऑफिशियल विजिट एवं सम्मान समारोह संपन्न

धार। रोटरी क्लब ऑफ धार सेंट्रल द्वारा स्थानीय होटल रूद्राक्ष इन में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3040 के गवर्नर के आधिकारिक दौरे (त्रश्व1द्गह्वह्नश्चह ह्वद्धद्वद्घह्वद्वद्य ड्डद्बह्यद्बह्ल) के अवसर पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब धार सेंट्रल अपनी स्थापना वर्ष 2008 से निरंतर समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानवीय कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धार की प्रतिभाशाली बेटी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (ढ्डस्) अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ हरदा सुश्री अंजलि जोसेफ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रोटेरियन संस्कार कोठारी एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनीश मलिक उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों में रोटरी क्लब धार सेंट्रल के अध्यक्ष एवं प्रख्यात दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ रोटेरियन डॉ. मनीष कुमार सिंह, सचिव रोटेरियन विमल कुमार सिंह, संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन अरुण वर्मा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अजेश माइकल शामिल थे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन रोटेरियन डॉ. शशांक तिलवांकर द्वारा किया गया। रोटेरियन डॉ. सिल्वी वर्मा सिंह ने 'वूमेन आइकन अवार्ड' की अवधारणा एवं महत्व पर प्रकाश डाला। रोटेरियन डॉ. मनीष कुमार सिंह ने 'अंतरराष्ट्रीय वोकेशनल सर्विस अवार्ड' के बारे में जानकारी दी, जबकि रोटेरियन डॉ. सुशांत तिलवांकर ने 'टीचर एक्सीलेंस अवार्ड' एवं 'नेशन बिल्डिंग अवार्ड' की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन अरुण वर्मा ने अपनी ओजस्वी वाणी में विभिन्न सम्मान प्राप्तकर्ताओं के प्रशस्ति पत्रों का वाचन किया। समारोह में संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लगभग 85 व्यक्तित्वों को निम्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया: - **टीचर एक्सीलेंस अवार्ड- नेशन बिल्डिंग अवार्ड - वोकेशनल सर्विस अवार्ड - वूमेन आइकन अवार्ड - धार रत्न अवार्ड** व्यक्तियों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, मोतियों की माला एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। धार रत्न सम्मान से विशेष रूप से सम्मानित होने वालों में डॉ. अरविंद कुमार चौधरी, डॉ. उमेश मित्तल, डॉ. एम.एम. महाजन, डॉ. राघवेंद्र तिवारी, डॉ. प्रमिला गुप्ता, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, डॉ. ऋचा उपाध्याय, श्री पवन जैन, अंतरराष्ट्रीय कवि श्री संदीप शर्मा, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रोफेसर सुश्री कविता पॉल, धार इन न्यूज़ के प्रबंध संपादक श्री धीरेंद्र दिघे, थाना प्रभारी कोतवाली श्री दीपक सिंह चौहान, थाना प्रभारी राजगढ़ श्री समीर पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार डावर तथा धार की बेटी एवं आईएएस अधिकारी सुश्री अंजलि जोसेफ शामिल रहे। कार्यक्रम में झाबुआ, राजगढ़, धामनोद, इंदौर एवं भोपाल सहित विभिन्न स्थानों से रोटेरियन एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए। अपने प्रेरक उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा ने क्लब की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब धार सेंट्रल के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिष्ठित एवं समाजहितैषी व्यक्तित्व हैं। चिकित्सक, प्राध्यापक, उद्योगपति, व्यवसायी एवं समाजसेवियों से युक्त यह क्लब विगत 18 वर्षों से प्रदेश में रोटरी की गौरवशाली पहचान बनाए हुए है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन अरुण वर्मा ने क्लब की स्थायी परियोजनाओं, विशेष रूप से डीआरपी स्थित फिजियोथेरेपी सेंटर, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं तथा मेडिकल कैंपों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं से भी अवगत कराया। इस अवसर पर आगामी वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष रोटेरियन विमल कुमार सिंह, मानद सचिव रोटेरियन डॉ. सिल्वी वर्मा सिंह तथा नवगठित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रोटेरियन संस्कार कोठारी द्वारा शपथ दिलाई गई। सायं लगभग 5 बजे प्रारंभ हुआ यह भव्य कार्यक्रम रात्रि 10:30 बजे तक चला। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए रात्रिभोज की व्यवस्था की गई तथा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में रोटेरियन सचिन बाफना, प्रफुल्ल जैन, अंजलि पवार, दिलीप मेघानी, एडवोकेट धर्मेश अग्रवाल, एडवोकेट आरती अग्रवाल, डॉ. ऋषि तिवारी, ध्रुव जोशी, श्रीमती ममता जोशी, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अलका वर्मा, डॉ. लीना माइकल, डॉ. अजेश माइकल, डॉ. प्रदीप पाल, प्रो. कविता पॉल सहित अनेक रोटेरियन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अजेश माइकल द्वारा प्रदान की गई।

पीएम श्री विद्यालय संदला में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत हुआ भव्य पौधारोपण

बदनावर(इंदौर समाचार)। विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय 'पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संदला' में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी आह्वान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में प्रभारी प्राचार्य महोदय एवं वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, इको क्लब प्रभारी व उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री एल. आर. गोयल और श्री मंशाराम जी चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और पहला पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे रोपे। 'पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान हमें प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर अवसर देता है। '

समाज की एकता शक्ति लाती है और शक्ति से सत्ता मिलती है

बदनावर (इंदौर समाचार)समाज की एक ता शक्ति लाती है और शक्ति से सत्ता मिलती है हमें अपना स्वाभिमान किसी भी हाल में नहीं छोड़ना है। क्षत्रिय करनी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत पूर्ण स्वाभिमान के साथ निकली बदनावर में शौर्य यात्रा नगर में प्रतिवर्षअनुसार इस वर्ष भी श्री महाराणा प्रताप की 486जयंती पर युवा राजपूत संगठन के सौजन्य से निकाली गई । महाराणा चौक पर स्थापित श्री महाराणा प्रताप की प्रतिमा का पूजन और माल्यार्पण कर अतिथियों ने श्री राजपूत धर्मशाला माथुर कॉलोनी पहुंच कर शौर्य यात्रा प्रारंभ की। यात्रा में सबसे आगे घोड़े बग्गी और बग्गी पर श्री महाराणा प्रताप की तस्वीर और उनके पीछे युवा बना सरदार अश्वारोही होकर चल रहे थे। और उनके सब के पीछे पूरे बदनावर विधानसभा क्षेत्र के समस्त राजपूत सरदार अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आए अतिथियों के साथ पूरे नगर में होकर निकले ।जहां पर कई मंडल और समाज सेवी संगठनों ने यात्रा का पुष्प माला और पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया अतिथियों एवं संगठन के अध्यक्ष महिपाल सिंह पंचकवासा स्वागत किया गया। पूरे नगर ने राजपूत समाज की इस शौर्य यात्रा को निहारा और अपने भारत भूमि पर गर्व महसूस किया जिस धरती पर ऐसे वीर महापुरुष जन्म लेते हैं वह मातृभूमि महान होती है। और भारत भूमि में वह तासीर है जहां वीर योद्धा जन्म लेते हैं। शौर्य यात्रा का समापन माथुर कॉलोनी स्थित धर्मशाला परिसर में किया गया तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें अतिथि के रूप में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राज शेखावत प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा समाजसेवी शरद सिंह सिसोदिया जय राजपूताना संघ प्रदेश संयोजक लाखन सिंह कटोरिया श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह नप उपाध्यक्षराजेंद्र सिंह पवार बापू वरिष्ठ समाजसेवीनिरंजन सिंह जी पिटगार नारायण सिंह बिजुर डॉ गोपाल सिंह ठाकुर जसवंत सिंह नवासा कमल सिंह कलसाड महेंद्र सिंह जी सिलोदा जसवंत सिंह जी नवासा लखन सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप और मां सरस्वती के चित्र पर पूजन और माल्यार्पण कन्या दिव्या सिंह सोलंकी के हाथों से कराकर प्रारंभ की। समस्त अतिथियों का स्वागत युवा राजपूत संगठन केउपस्थित पदाधिकारी द्वारा किया गया कार्यक्रम में अतिथि परिचय गोविंद सिंह डोडिया छोटा कटोरिया ने किया तो वही स्वागत भाषण युवा राजपूत संगठन के अध्यक्ष महिपाल सिंह पंचकवासा ने दिया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र सिंह जादौन ने किया। संबोधन की कड़ी मे समाज के वरिष्ठ शरद सिंह सिसोदिया ने बदनावर के वहां की एकता की प्रशंसा की और साथ ही समाज उत्थान हेतु किया जा रहे हैं ऐसे कार्यों के लिए सदैव का तन मन धन से साथ देने की बात कही। वही कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज शेखावत ने अपने संबोधन में कहा एकता में शक्ति है और शक्ति ही सत्ता लाती है हमें सबको एक होकर समाज स्थान के लिए निरंतर कार्य करना है और अपने ताकत को वोट में भी बदलना है क्योंकि लोकतंत्र में ही वोट सबसे बड़ी ताकत है यूजीसी हमारे बच्चों के भविष्य को छीन रहा है हमें यूजीसी में बदलाव लाने के लिए आगामी समय में दिल्ली जाकर के आंदोलन भी करना होगा एकजुट होकर और हम सभी सवर्ण ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य समाज के लोग मिलकर करेंगे मिलकर करेंगे कार्यक्रम में पूरी बदनावर विधानसभा से समस्त ठिकाने दार राजपूत सरदारों ने उपस्थित दिखाई और समाज की एकता के लिए एक मत होकर कार्य करने की शपथ ली।

यात्रा में आए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । साथ ही युवा राजपूत संगठन के समयदानी कार्यकर्ताओं का भी अतिथियों ने शील्ड देकर सम्मान किया युवा राजपूत संगठन के सक्रिय सदस्य जितेन्द्र सिंह जादोन सुरेंद्र सिंह राठौर गोपाल सिंह सेमलिया राजेंद्र सिंह खेड़ी गोविंदा का छोटा कठोडिया समर सिंह Ghanshyam Singh लखन गोहिल अरविंद पवार लखन पवार गोविंद पवार विनोद सिंह मानसा राहुल कलसाडा कमल कलसाडा वीरेंद्र सिंह राजन सोलंकी प्रिंस बना सुरेंद्र सिंह सिसोदिया गोविंद सिंह करंजवा शंभू सिंह आदि कार्यक्रम का आभार संगठन के कोषाध्यक्ष जितेंद्रसिंह जादौन ने माना

नियमों के उल्लंघन पर धार का 'श्री लीलादेवी हॉस्पिटल' तत्काल प्रभाव से सील, पंजीयन एवं अनुज्ञापन निरस्त

निरीक्षण में निलंबित लाइसेंस पर संचालित पाया गया था अस्पताल, भर्ती थे मरीज-प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से 'कंसेंट टू ऑपरेट' (CTO) न लेने और नोटिस का जवाब न देने पर सीएमएचओ ने की सख्त कार्यवाही

धार । जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध व नियम विरुद्ध संचालित चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए धार शहर के मांडव रोड स्थित 'श्री लीलादेवी हॉस्पिटल' का पंजीयन एवं अनुज्ञापन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) जिला धार द्वारा इस संबंध में विधिवत आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के तहत अब अस्पताल में किसी भी प्रकार की चिकित्सीय सेवाओं का संचालन पूर्णतः अवैधानिक माना जाएगा।

बार-बार दिए गए निर्देशों की अवहेलना किए जाने पर की कार्यवाही-जारी आदेश के अनुसार, श्री लीलादेवी हॉस्पिटल (पताः 24, 25, 26 बालाजी नगर, मांडव रोड, धार) को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 तथा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के अंतर्गत आवश्यक ÒConsent to OperateÓ (CTO) प्राप्त कर कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु बार-बार निर्देशित किया गया था। इसके लिए विभाग द्वारा पूर्व में कई स्मरण पत्र और कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा आज दिनांक तक न तो वैध ष्टञ्जह्र प्रस्तुत किया गया और न ही नोटिस का कोई संतोषजनक जवाब दिया गया।

निलंबित लाइसेंस पर चल रहा था अस्पताल-बीते 21 अप्रैल 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीम (प्रस्तुतकर्ता डॉ. नरेन्द्र पवैया) द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में एक और गंभीर लापरवाही सामने आई थी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त संस्थान निलंबित लाइसेंस की स्थिति में भी धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा था और अस्पताल में मरीज भर्ती पाए गए थे। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इंदौर द्वारा भी इस संस्थान का पंजीयन निरस्त करने हेतु अनुशंसा की गई थी।

उल्लंघन पर होगी एफआईआर-सीएमएचओ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा म.प्र. उपचर्यागृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं नियम 1997 (यथा संशोधित नियम 2021) का निरंतर उल्लंघन किया जा रहा था। आदेश प्राप्त होते ही प्रबंधन को तत्काल समस्त चिकित्सीय गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि इस आदेश का उल्लंघन कर अस्पताल का संचालन जारी पाया जाता है, तो नर्सिंग होम अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत पृथक से दंडात्मक व वैधानिक कार्यवाही (एफआईआर) की जाएगी।

नगर वासी की संपन्न हुई चारधाम यात्रा!

बाग - विकासखंड के तीन परिवार राठौड,अजनारिया व राठौर ने मां चामुंडा तीर्थ यात्रा एजेंसी के द्वारा सभी तीर्थ धाम की कठिन यात्रा पूर्ण संकल्प के साथ चारधाम(यमुनोत्री,गंगोत्री,केदारनाथ व बद्रीनाथ)की यात्रा सकुशल संपन्न करी !चारधाम की कठिन यात्रा मे धार-आलीराजपुर व बड़वानी के करीबन पचास तीर्थ यात्री मे बड़े-बुजुर्ग के साथ युवा-युवती व छोटे बच्चे भी शामिल हुए थे !इस यात्रा की शुरुआत उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर से किय गई और समापन ओंकारेश्वर के दो ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर व ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के साथ किय गई !चारधाम की कठिन यात्रा मे बाग के विकासखंड की ग्राम पंचायत रिसावला से अजनारिया परिवार के सदस्य की प्रथम बार कोई पीढ़ी भी शामिल हुई !अजनारिया परिवार के सदस्य मे शामिल श्रीमति कमला अजनारिया,दीप्ति अजनारिया,संगीता अनारे और माताश्री के सानिध्य मे सेवक के रूप मे चन्दु रिसावला भी शामिल हुए !इस चारधाम की कठिन यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए चन्दु रिसावला ने बताया की भारतदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या मे देश भर के श्रृद्धालु चारधाम की कठिन यात्रा मे शामिल होकर श्रृद्धालु केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करते है !मां चामुण्डा एजेंसी के मैनेजर देवा पडियार व विक्रम के द्वारा हर माह मे चारधाम और अन्य यात्रा निकाली जाती है !चारधाम की यात्रा सकुशल संपन्न होने के बाद अजनारिया परिवार के सदस्यों द्वारा फूलमाल पहनाकर तीर्थ यात्री का स्वागत-सत्कार किया !इस स्वागत-सत्कार मे विजेंयन्द्रपाल सिंह अजनारियां,उषा अजनारियां, यशवर्धन-जयवर्धन,महेन्द्र अनारे,शकुंतला अनारे,खुशी अनारे और रामू पंचाल इत्यादि तीर्थ यात्री का फूलमाल पहनाकर सम्मान किया !

धर्म के नाम पर भजन करो विभाजन नहीं - अभयमुनिजी

नागदा जं. निप्र। मीडिया प्रभारी नितिन बुडावनवाला के अनुसार धर्मसभा को संबोधित करते हुए अभयमुनिजी ने कहा कि जीवन तभी धन्य बनता है जब जीवन में सकारात्मक कार्य करे, धर्म से जोड़े। तप, अहिंसा और भक्ति का मार्ग अपनाने वाला धन्य बनता है। जहां हिंसा होती है वहां शांति नहीं होती। मन में किसी के प्रति गलत सोच और दुर्भावना हो वहां शांति नहीं। धर्म के नाम लोगो को विभाजित मत करो। धम में धर्ममय वातावरण बनाकर भजन करों। आजकल लोग सिल्वर, गोल्डन, डायमण्ड जुबली को मनाने में अपना सुख मान रहे है। जहां सुख है वहां ध्यान ही नहीं। अच्छी बातें कहीं से भी मिले ग्रहण करो। एक दूसरों को काटो मत। मच्छर ऐसा जीव है जो किसी को पसंद नहीं पर मच्छर में एक खास बात है जो इंसानो में नहीं। मच्छर कभी मच्छर को नहीं काटता, पर इंसान, इंसान की काटछाट में लगा रहता है। ईर्ष्या, भेदभाव, जलन की भावना मन में लेकर चलता है, दूसरा कैसे आगे बढ़ जाये। धन पुण्य से मिलता है। उसका सदुपयोग अपने हाथ में है। पर दुरूपयोग करते है और फिर दुःखी होते है। महंगी और आडंबरी चीजों में धन लगाकर दुरूपयोग करके अपना नाश स्वयं कर रहे है। संप्रदायवाद अपने ही फैला रहे है।

सप्ताहभर बितने के बाद भी काम शुरू नहीं हो सका

मांगोद-अमझेरा मार्ग पर रास्ते पर गिट्टी के ढेर दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

अमझेरा - मांगोद-मनावर टु लेन पर मांगोद से अमझेरा के बीच में डामरीकृत सड़क के आस-पास सड़क निर्माता कंपनी के द्वारा सड़क की साइड को ठिक करने के लिए मुरम डाली जा रही है जिसके तहत कंपनी के द्वारा मांगोद से अमझेरा के रास्ते पर किनारो की ओर जगह-जगह मुरम के ढेर लगा दिये गये है तथा ये मुरम बेतरतीब डाली गई है जिससे मुरम सड़क पर भी आ गई है एवं उसके पत्थर सड़क पर फैल रहे है जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में ग्राम मांगोद में उमेश पाटीदार ने बताया कि सड़क निर्माता कंपनी के द्वारा मुरम को डाले करीब एक सप्ताह भर हो गया है लेकिन उसे चैड़ा नहीं किया गया है जिसके कारण से मुरम पक्की सड़क पर फेल रही है जिससे सड़क पर से निकलने वाले दुपहिया वाहन चालको को सबसे ज्यादा परेशानी उठाना पड़ रही है तथा अन्य वाहनो को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है साथ ही दुर्घटना होने का भय भी बना रहता है। सड़क निर्माता कपंनी को शिघ्र ही मुरम को बिछाकर मार्ग सुगम करना चाहिये ।

14 जून (रविवार) को प्रात : 6 :15 बजे से आयोजित देशव्यापी ऑनलाइन योग सत्र के लिए टोल फ्री नंबर 1800-315-7008 जारी

आयुष मंत्रालय के 'ऑनलाइन योग सत्र' से अनिवार्य रूप से जुड़ें समस्त शासकीय सेवक और आमजनः कलेक्टर राजीव रंजन मीना

धार । आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हाबिल्ड हेल्थ टेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 14 जून 2026 (रविवार) को एक विशेष 'ऑनलाइन योग सत्र' का आयोजन किया जा रहा है। 'योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं' के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित होने वाले इस गरिमामयी सत्र में जिले के समस्त शासकीय सेवकों, संस्थाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर ने जिले के सभी शासकीय-अशासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को सहभागिता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने दिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश-कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने निर्देशित किया है कि जिले के समस्त शासकीय विभागों, अर्ध-शासकीय निकायों, शैक्षणिक एवं अशासकीय संस्थाओं के अधिकारी और कर्मचारी इस ऑनलाइन योग सत्र में अनिवार्य रूप से सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में मानसिक तनाव से मुक्ति, शारीरिक ऊर्जा और कार्यप्रणाली में दक्षता बढ़ाने के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अमले और उनके परिजनों को इस सत्र से जोड़ने हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं।

योग को जन-आंदोलन बनाने की तैयारी: जिला आयुष अधिकारी-जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला चौहान ने बताया कि कलेक्टर श्री मीना के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा इस सत्र के व्यापक प्रचार-प्रसार और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह विशेष सत्र रविवार, 14 जून को प्रातः 6:15 बजे से शुरू होकर 7:35 बजे तक संचालित होगा। सत्र के दौरान देश के ख्यातिलब्ध योग विशेषज्ञों द्वारा सीधे ऑनलाइन माध्यम से ऐसे व्यावहारिक योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा, जिन्हें नागरिक अपने दैनिक जीवन में आसानी से अपना सकते हैं।

मिस्ड कॉल देकर तुरंत कराएं निःशुल्क पंजीयन-डॉ. चौहान ने बताया कि डिजिटल माध्यम से आयोजित होने वाले इस सत्र से जुड़ने की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क और बेहद सरल है। सत्र में भाग लेने के लिए शासकीय सेवकों और आम नागरिकों को विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1800-315-7008 पर केवल एक मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल देते ही प्रतिभागी का पंजीयन सुरक्षित हो जाएगा। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना एवं आयुष विभाग ने धार जिले के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और युवा वर्ग से भी अपील की है कि वे स्वयं के उत्तम स्वास्थ्य और निरोगी समाज के निर्माण के लिए इस डिजिटल योग सत्र का हिस्सा बनें और रविवार सुबह बड़ी संख्या में ऑनलाइन जुड़कर योग लाभ लें।